# राजस्थान बोर्ड परीक्षा

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025

## नमूना प्रश्न पत्र (Model Paper)

## अर्थशास्त्र (Economics)

**Time: 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक: 80**

### *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश: -*

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यता लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।
4. जिन प्रश्नों में आंतरिक खंड है, उन सभी की उत्तर एक साथ ही लिखें।

## खंड अ

**1. बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)**

i) द जनरल थ्योरी ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट, इंटरेस्ट एंड मनी' पुस्तक कब प्रकाशित हुई?

*When was the book 'The general theory of Employment, Interest and money' Published?*

A)1935 B)1936 C)1937 D)1938

ii) निम्नांकित में से समष्टि अर्थशास्त्र की विषय वस्तु नहीं है-

A) सामान्य कीमत स्तर
B) उपभोक्ता का संतुलन
C) मुद्रा स्फीति
D) रोजगार

*Which of the following is not the subject matter of macroeconomics-?*

*A) General price level*
*B) Monetary inflation*
*C) Consumer's equilibrium*
*D) employment*

iii) निम्नलिखित में से नकदी विहीन लेन देन का हिस्सा नहीं है-

A) ई- वॉलेट
C) नेशनल फाइनेंसियल स्विच
B) स्मार्ट फोन द्वारा भुगतान
D) इनमे से कोई नहीं

*Which of the following is not a part of cashless transaction?*

*A) E-Wallets*
*C) Payment by smart phone*
*B) National financial switch (NFS)*
*D) Cash Payment*

iv) मुद्रा गुणक का सूत्र है=

*The formula for money multiplier is-*

A) 1/CRR

B) CRR

C) 1×CRR

D) 1-CRR

v) यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (c) = 0.8 है तो सीमांत बचत प्रवृत्ति (s) का मूल्य होगा=

*If marginal propensity to consume c = 0.8 them the value of marginal propensity to save s will be-*

A) -0.8 B) 0.8 C) 0.2 D) -0.2

vi) निवेश का अनुमानित या नियोजित मूल्य कहलाता है-

A) वास्तविक निवेश C) प्रत्याशित निवेश

B) वास्तविक माप D)प्रत्याशित उपभोग

*Estimated or planned value of investment called -*

*A) Real Investment C) Anticipated Consumption*

*B) Anticipated Investment D) Real Measurement*

vii) निम्नांकित में से कागजी कर का उदाहरण है-

A) आय कर
C) सीमा शुल्क
B) निगम कर
D) उपहार कर

*Which of the following is an example of paper tax -*

*A) Income tax*
*C) Corporate tax*
*B) Custom duty*
*D) Gift tax*

viii) सरकार समस्त मांग में वृद्धि करने के लिए निम्नांकित में से किस उपाय को काम में लेती है -

A) करों में वृद्धि
C) अंतरण में कटौती
B) करों में कटौती
D) सरकारी व्यय में कटौती

*To increase aggregate demand, the government uses which of the following measures -*

*A) Increase in taxes*
*C) Reduction in transfers*
*B) Reduction in taxes*
*D) Reduction in government expenditure*

ix) निम्नाकित में से चालू खाते की मद है:

A) अंतरण B) निवेश C) मुद्रा D) बंध पत्र

Which of the following is an item of current account -

A) Transfer B) Investment C) Currency D) Bonds

x) नम्य (तैरती) विनिमय दरों के अंतर्गत विनिमय दर में वृद्धि को कहते है-

A) अधिमुल्यन C) अवमूल्यन

B) मूल्यह्रास D) पुनर्मूल्यन

*Under floating exchange rates, the increase in the exchange rate is called -*

*A) Appreciation C) Appreciation*

*B) Depreciation D) Revaluation*

xi) आवश्यकताओं की तुलना में संसाधन होते है-

A) असीमित

C) अत्यधिक

B) अधिक

D) सीमित

*Resources are in excess of needs -*

*A) Unlimited*

*C) Excessive*

*B) More*

*D) Limited*

xii) मिश्रित अर्थव्यवस्था का उदाहरण है–

A) ब्रिटेन

C) भारत

B) चीन

D) रूस

*An example of mind economy is?*

*A) Britain*

*C) India*

*B) China*

*D) Russia*

xiii) रेखिक मांग वक्र के मध्य बिंदु पर मांग की लोच होगी-

*A linear demand curve the elasticity of demand at the midpoint will be-*

A) Ed = 0

B) Ed < 1

C) Ed > 1

D) Ed = 1

xiv) निम्नांकित में से वस्तु की मांग के निर्धारक है -

A) वस्तु की कीमत

B) उपभोक्ता का अधिमान

C) उपभोक्ता की आय

D) उपरोक्त सभी

*Which of the following is a determinant of demand for a commodity-?*

*A) Price of commodity*

*B) Consumer's Preference*

*C) Consumer's income*

*D) All of the above*

xv) कुल स्थिर लागत निर्गत से रहती है -

A) स्वतन्त्र

C) उपरोक्त दोनों

B) आश्रित

D) इनमे से कोई नही

*Total fixed cost depends on the output -*

*A) Independent*

*C) Dependent*

*B) Both of the above*

*D) None of these*

xvi) सीमांत लागत वक्र का आकार होता है:

A) उल्टा U

C) U आकर

B) समस्तरीय

D) उर्ध्वाकार

*The Shape of marginal cost curve is -*

*A) Inverted U*

*C) U Shaped*

*B) Level*

*D) Vertical*

xvii) पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में वस्तु की कीमत का निर्धारक होता है-

A) फर्म B) क्रेता C) उद्योग D) विक्रेता

*Determinants of price of a commodity in a perfectly competitive market is -*

*A) Firm B) Buyer C) Industry D) Seller*

xviii) सामान्य लाभ की स्थिति में होता है-

*In case of normal profit -*

A) TR>TC C) TR<TC

B) TR≠TC D TR=TC

2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये (Fill in the blanks):** [6×1=6]

I. प्रत्याशित उपभोग ................................ पर निर्भर करता है।

*Expected consumption depends on ........................*

II. निर्यात और आयात के अंतर को .................................. कहते है।

*The difference between exports and imparts is called ...........................*

III. मुद्रा विनिमय का .................................. है ।

Currency is a .................................... of exchange.

IV. अवसर लागत को ................................. भी कहते है।

*Opportunity cost is also called ..............................*

V. उत्पादन प्रक्रिया में आगतों को .................... में परिवर्तित करते है ।

Convert inputs in to .................................... in the production process.

VI. पूर्ति वक्र सामान्यत: ................................ ढाल के होते है।

*The supply curve is generally ...................................... Slope.*

3. **अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (Very short answers questions):** [12×1=12]

I. समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता कौन होते है?

*Who are the macroeconomics decision makers?*

उत्तर: समग्र अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता सरकार, परिवार और फर्म होती हैं।

II. चालु खाते तथा बचत खाते की जमायें क्या कहलाती है?

*What are the deposits of current account and savings account called?*

उत्तर: मांग जमायें

III. सीमांत बचत प्रवृत्ति को परिभाषित कीजिये।

*Define marginal propensity to save.*

उत्तर: आय में परिवर्तन और बचत में परिवर्तन से बीच आनुपातिक सम्बन्ध को सीमान्त बचत प्रवृत्ति कहते है।

IV. निर्गत गुणक की गणना का सूत्र लिखिए।

*Write the formula of output multiplier.*

उत्तर: K = 1/ 1-MPC

V. 'सेटेरिस पारिबस' की मान्यता क्या है?

*What is the assumption of ceteris paribus?*

उत्तर: सेटेरिस पारिबस (Ceteris Paribus) की मान्यता का मतलब है, 'अन्य सभी चीज़ें समान रहने पर'. यह एक लैटिन मुहावरा है. इसका इस्तेमाल अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञानों में किया जाता है.

VI. भारत में वित्तीय वर्ष की समयावधि क्या है?

*What is the duration of the financial year in India?*

उत्तर: 1 April - 31 March

VII. खुली अर्थव्यवस्था किसे कहते है?

*What is called an open economy?*

उत्तर: जहां घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार में भाग लेती हैं, वहां खुली अर्थव्यवस्था होती है. इसे मुक्त अर्थव्यवस्था भी कहते हैं.

VIII. किसान द्वारा प्रयुक्त किसी एक साधन का नाम लिखिए।

*Write the name of any one Input used by the farmer.*

उत्तर: भूमि

IX. अनाधिमान वक्र का रेखाचित्र बनाइये।

*Draw the diagram of indifference curve.*

उत्तर: अधिमान वक्र (Indifference Curve) एक ग्राफ़िकल प्रतिनिधित्व है. यह दो वस्तुओं के उन संयोजनों को दर्शाता है जिनसे उपभोक्ता को समान संतुष्टि मिलती है. इसे तटस्थता वक्र और उदासीनता वक्र भी कहा जाता है.

X. अल्पकाल को परिभाषित कीजिये।

*Define short term.*

उत्तर: अल्पकाल का मतलब है, वह समय जब उत्पादक के पास मांग के मुताबिक उत्पादन में बदलाव करने का समय नहीं होता. अल्पकाल में, उत्पादन के कम से कम एक कारक स्थिर रहता है.

XI. मांग में दायी ओर शिफ्ट से संतुलन कीमत में क्या परिवर्तन होगा ?

*What will be the change in the equilibrium price due to the right ward shift in demand?*

उत्तर: संतुलन कीमत में वृद्धि हो जाएगी ।

XII. संप्राप्ति से आपका क्या अभिप्राय है?

*What do you mean by revenue?*

उत्तर: बिक्री से प्राप्त राशि को आगम कहते है।


## खंड - ब (Section - B)

**लघु उत्तरात्मक प्रश्न (Short answer questions):** **[10×2=20]**

4. सरल अर्थव्यवस्था में आय के वर्तुल प्रवाह का मॉडल बनाइये। (2)

*Create a model of circular flow of income in a simple economy.*

उत्तर: अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र आपस में एक-दूसरे से सम्बन्धित रहते हैं। अत: अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के मध्य पारस्परिक सम्बन्धों के कारण आय व उत्पादों का एक-दूसरे क्षेत्र के मध्य आदान-प्रदान होता रहता है.इसी को आय का चक्रीय प्रवाह या आय का वर्तुल प्रवाह कहा जाता है।



5. यदि C = 40+0.84Y तथा I= 10 करोड़ हो तो प्रत्याशित समस्त मांग का मूल्य ज्ञात कीजिये। (*If C=40+0.84Y and I = 10 crores then the value of expected aggregate demand will be.)* (2)

उत्तर:

6. सरकार बजटीय घाटे का वित्त पोषण कैसे करती है? (कोई दो बिंदु लिखिए) (2)

*How does the government finance the budgetary deficit (Write any two points)*

उत्तर: बजट घाटा या घाटे का वित्तपोषण तब होता है जब अनुमानित सरकारी व्यय अनुमानित सरकारी राजस्व से अधिक बढ़ जाता है। ऐसे अंतरों को कर की दर बढ़ाकर या वस्तुओं और सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं की उच्च कीमत लगाकर पूरा किया जा सकता है। घाटे को सरकार के संचित नकदी शेष या बैंकिंग प्रणाली से उधार लेकर भी पूरा किया जा सकता है।

7. अदायगी संतुलन तथा व्यापार संतुलन में कोई दो भेद कीजिये। (1+1)

*Make any two distinctions between balance of payments and balance of trade.*

**उत्तर:** अदायगी संतुलन और व्यापार संतुलन में दो अहम अंतर ये हैं:

- अदायगी संतुलन में वस्तुओं और सेवाओं दोनों के लेन-देन का रिकॉर्ड होता है, जबकि व्यापार संतुलन में सिर्फ़ वस्तुओं के लेन-देन का रिकॉर्ड होता है.
- अदायगी संतुलन में पूंजी हस्तांतरण शामिल होता है, जबकि व्यापार संतुलन में नहीं.

8. 'स्थिर विनिमय दर की तुलना में तैरती विनिमय दर प्रणाली अच्छी है। के पक्ष में कोई एक तर्क दीजिये। (*Give one argument in favour of floating exchanges rate system is better than fixed exchange rate).* (2)

**उत्तर:** तैरती विनिमय दर प्रणाली, स्थिर विनिमय दर प्रणाली से बेहतर है क्योंकि यह व्यापार संतुलन को समायोजित करने में सक्षम है.

स्थिर विनिमय दर प्रणाली की तुलना में तैरती विनिमय दर प्रणाली के फ़ायदे:

- व्यापार संतुलन को समायोजित करने में मदद मिलती है.
- विदेशी मुद्रा की मांग और आपूर्ति के आधार पर विनिमय दर तय होती है.
- विनिमय दर में उतार-चढ़ाव होने से विदेशी व्यापार में अनिश्चितता नहीं रहती.

9. सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण से आप क्या समझते है? (2)

*What do you understand by positive economic analysis?*

उत्तर: सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण से मतलब है, आर्थिक घटनाओं का वर्णन और व्याख्या करना. यह आर्थिक विश्लेषण का वह क्षेत्र है जो वस्तुस्थिति का अध्ययन करता है. यह बताता है कि क्या हो रहा है, बिना यह बताए कि क्या होना चाहिए.

10. अनाधिमान मानचित्र किसे कहते है? (2)

*What is an indifference map?*

उत्तर: अनधिमान मानचित्र, अनधिमान वक्रों का समूह होता है. इन वक्रों से यह पता चलता है कि उपभोक्ता को समान संतुष्टि किस तरह के संयोजनों से मिलती है. अनधिमान मानचित्र को उदासीनता मानचित्र भी कहा जाता है.

अनधिमान मानचित्र की खास बातें:

- अनधिमान वक्र कभी भी एक-दूसरे को काटते नहीं.
- अनधिमान वक्र हमेशा मूल बिंदु से उत्तल होते हैं.

11. पैमाने के प्रतिफल को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये। (2)

*Briefly explain return to scale.*

उत्तर: पैमाने का प्रतिफल (Returns to Scale) से तात्पर्य है कि जब सभी उत्पादन कारकों की मात्रा को समान अनुपात में बढ़ाया जाता है, तो उत्पादन में क्या परिवर्तन होता है। पैमाने का स्थिर प्रतिफल (Constant Returns to Scale) तब होता है जब उत्पादन कारकों की मात्रा को बढ़ाने पर उत्पादन में समान अनुपात में वृद्धि होती है।

12. अल्पकाल तथा दीर्घकाल में किस आधार पर भेद किया जा सकता है? समझाये। (2)

*On What basis can a distinction be made between short term and long term? Explain.*

उत्तर:

| **अल्पकाल** | **दीर्घकाल** |
|---|---|
| **अल्प काल हमारे दैनिक जीवन के छोटे समय को दर्शाता है। यह कुछ हफ्तों या कुछ महीनों का होता है।** | दीर्घ काल एक बहुत बड़े समय अवधि को बताता है। इसमें कुछ सालों या कई दशकों का समय होता है। |
| अल्पकाल में उत्पादन के कुछ साधन परिवर्तनशील होते है तथा कुछ स्थिर | दीर्घकाल में सभी साधन परिवर्तनशील होते है |

13. पूर्ण प्रतिस्पर्धा की कोई दो विशेषताएं का उल्लेख कीजिये। (1+1)

*Mention any two characteristics of perfect competition.*

उत्तर: पूर्ण प्रतिस्पर्धा की मुख्य विशेषताएं हैं

**कई खरीदार और विक्रेता**

पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में, कई खरीदार और विक्रेता होते हैं।

**समरूप उत्पाद**

इस बाज़ार में सभी उत्पाद हर तरह से एक जैसे हैं - आकार, गुणवत्ता, स्वाद या कोई अन्य कारक।

## खंड - स (Section - C)

**दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न (Long answer questions):** **[4×3=12]**

14. निम्नांकित परिकल्पनाओं को स्पष्ट कीजिये (*Explain the following hypotheses*).

i) सकल घरेलु उत्पाद (*Gross domestic product*):

उत्तर: सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) किसी देश में एक निश्चित समय में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है. यह किसी देश की आर्थिक गतिविधि का एक व्यापक माप है

ii) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (*Gross National Product*):

उत्तर: देश के निवासियो द्वारा देश में या विदेश में एक वर्ष में किये गये अंतिम रूप से उत्पादित कुल वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य को सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी) कहा जाता है।

iii) साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (*Net National Product at Factor cost):*

उत्तर: साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNPFC) को राष्ट्रीय आय भी कहते हैं. यह किसी देश के सामान्य निवासियों द्वारा एक साल में अर्जित कुल साधन आय का जोड़ होता है. इसमें मज़दूरी, लगान, ब्याज़, और लाभ शामिल होते हैं.

अथवा

निम्नांकित परिकल्पनाओं को स्पष्ट कीजिये। (Explain the following hypotheses).

i) सकल निवेश *(Gross Investment):*

उत्तर: सकल निवेश से तात्पर्य किसी निश्चित अवधि के दौरान नई पूंजीगत परिसंपत्तियों या अर्थव्यवस्था में निवेश पर खर्च की गई कुल राशि से है। इसमें भवन, मशीनरी और उपकरण जैसे नए पूंजीगत सामानों का अधिग्रहण और इन्वेंट्री में कोई भी वृद्धि शामिल है।

ii) स्टॉक *(Stock)*

उत्तर: किसी निश्चित समय बिंदु पर मापी जाने वाली चर को स्टॉक कहते है. जैसे मुद्रा पूर्ति, दुरी।

iii) प्रवाह *(Flow)*

उत्तर: किसी निश्चित समयावधि में मापी जाने वाली चर को प्रवाह कहते है. जैसे आय, व्यय आदि

15. राजस्व प्राप्तियां तथा पूंजीगत प्राप्तियां क्या है? परिभाषित कीजिये। [1.5+1.5]

*What are revenue receipts and capital receipts? Define.*

उत्तर: राजस्व प्राप्तियां: राजस्व प्राप्तियों को उन प्राप्तियों के रूप में जाना जा सकता है जो **न तो कोई जोखिम या दायित्व लाती** हैं और **न ही सार्वजनिक प्राधिकरण के संसाधनों में कोई कमी** लाती हैं। वे प्रकृति में आवर्ती और नियमित होते हैं, और सार्वजनिक प्राधिकरण उन्हें संचालन के विशिष्ट पाठ्यक्रम में प्राप्त करता है।

पूंजीगत प्राप्तियां: पूंजीगत प्राप्तियाँ वे प्राप्तियाँ होंगी **जो देनदारियाँ बनाती हैं** या **मौद्रिक संसाधनों को कम** करती हैं। वे आने वाले नकदी प्रवाह का भी संकेत देते हैं। पूंजीगत प्राप्तियाँ ऋण प्राप्तियाँ और गैर-ऋण प्राप्तियाँ दोनों हो सकती हैं। जैसे- विनिवेश, ऋण तथा उधार।

अथवा

प्रश्न: राजस्व व्यय तथा पूंजीगत व्यय क्या है? परिभाषित कीजिये।

*What are revenue expenditure and capital expenditure? Define.*

उत्तर: **राजस्व व्यय:** ऐसे व्यय जो सरकार के लिए पर संपत्तियों का निर्माण नहीं करते हैं या ना तो सरकार की दायित्वों में कमी करते हैं। ***जैसे*** रक्षा व्यय, ब्याज का भुगतान

**पूंजीगत व्यय:** सरकार द्वारा किए जाने वाले ऐसे में जिससे या तो सरकार की परिसंपत्तियों का निर्माण होता है या फिर सरकार की दायित्व में कमी होती है जैसे ऋण का भुगतान कर देने से सरकार के कर्ज में अथवा उधारी में कमी आती है।

**जैसे**: केंद्रीय योजना का पूंजी व्यय, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र का ऋण

16. मान लीजिये ₹5 प्रति केले के भाव पर, एक उपभोक्ता 15 केले खरीदता है। जब कीमत ₹7 प्रति केले हो जाती है, तो उसकी मांग घटकर 12 केले रह जाती है। तो मांग की कीमत लोच की गणना कीजिये। (3)

*Suppose at the price of Rs. 5 per banana a consumer buys 15 bananas. When the price becomes Rs. 7 per banana, his demand falls to 12 bananas. Then calculate the price elasticity of demand.*

अथवा

निम्न सारणी में पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिये (Find the price elasticity of supply in the following table).

| सेब की कीमत/ Price (₹) | | बेचीं गई मात्रा/ Quantity Sold (Kg) | |
|---|---|---|---|
| **P1** | 100 | Q1 | 10 |
| **P2** | 120 | Q2 | 12 |

17. निम्नलिखित सारणी में कुल संप्राप्ति तथा सीमांत संप्राप्ति की गणना कीजिये। [1.5+1.5]

Calculate the total revenue and marginal revenue in the following table.

| Output (Q) | Price (₹) | Total Revenue | Marginal Revenue |
|---|---|---|---|
| 0 | 10 | | |
| 1 | 10 | | |
| 2 | 10 | | |
| 3 | 10 | | |

अथवा

प्रश्न: नमक का मांग तथा पूर्ति वक्र इस प्रकार है- Qd = 1000 - P तथा Qs = 700 + 2P तो संतुलन कीमत तथा संतुलन मात्रा की गणना कीजिये।

The demand and supply curve of salt is as follow - Qd = 1000 - P and Qs = 700 + 2P Then calculate the equilibrium price and equilibrium quantity.

## खंड -द (Section-D)

**निबंधात्मक प्रश्न (Essay type Questions) :-** **[3×4=12]**

18. वस्तु विनिमय प्रणाली की क्या कमियां है? मुद्रा किस प्रकार इन कमियों को दूर करती है? समीक्षा कीजिये। [2+2]

*What are the drawbacks of the barter system? How does money overcome these drawbacks? Review.*

उत्तर: वस्तु विनिमय प्रणाली कमियां:

1. दोहरे संयोग का अभाव (Lack of Double Coincidence of Wants)
2. क्रय शक्ति संचय में कठिनाई (Difficulties in Store of Value)
3. सर्वमान्य मूल्य मापक का भाव (Lack of Common Acceptable Unit of Value)

मुद्रा का उपयोग विनिमय की वस्तु विनिमय प्रणाली की कमियों को निम्नलिखित तरीके से दूर करता है:

i) मुद्रा के आगमन के साथ आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की आवश्यकता नहीं रह जाती ।

ii) मुद्रा मूल्य के भंडारण की सुविधा प्रदान करती है जो वस्तु विनिमय प्रणाली में कठिन है।

अथवा

निम्नांकित को समझाइए *(Explain the following)* ?

नकद कोष अनुपात *(Cash reserve ratio)* तथा वैधानिक तरलता अनुपात *(Statutory Liquidity Ration)*.

रेपो दर *(Repo Rate)* तथा रिवर्स रेपो दर *(Reverse Repo Rate)*

उत्तर:

**नकद कोष अनुपात (CRR):** वह अनुपात है, जिसे बैंकों को अपने कुल जमा राशि का एक निश्चित प्रतिशत केंद्रीय बैंक के पास नकद के रूप में रखना होता है। यह अनुपात बैंकों की तरलता को सुनिश्चित करता है।

**वैधानिक तरलता अनुपात (SLR):** एसएलआर से तात्पर्य कुल जमाराशि के उस प्रतिशत से है जिसे वाणिज्यिक बैंकों को तरल परिसंपत्तियों में निवेश करना होता है। आरबीआई ने ऐसी तरल परिसंपत्तियों को निर्दिष्ट किया है जिनमें बैंकों को अपना एसएलआर बनाए रखने के लिए निवेश करना होता है।


**रेपो दर:** **रेपो दर** वह दर है जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को उनकी अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए धन उधार देता है।

**रिवर्स रेपो दर**: रिवर्स रेपो दर वह दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) बैंकों से पैसे उधार लेता है. यह दर, बाज़ार में मौजूद अतिरिक्त तरलता को कम करने में मदद करती है. रिवर्स रेपो दर, RBI की आर्थिक नीति का एक अहम हिस्सा है.

19. बजट रेखा तथा अनाधिमान वक्र का प्रयोग करते हुए उपभोक्ता के इष्टतम चयन को समझाए।

(*How to explain the optimal choice of a consumer using budget line and indifference curve.)*

उत्तर: एक उपभोक्ता उस समय संतुलन की अवस्था में होता है जब अपनी सीमित आय आय की सहायता से वास्तुओं को उनकी दी गई कीमतों पर खरीदकर अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करता है । उपभोक्ता की कीमत रेखा उसकी आय एवं उपभोग वस्तुओं के कीमतों से निर्धारित होती है । इस कीमत रेखा के साथ उपभोक्ता ऊँचे से ऊँचे उदासीनता वक्र तक पहुँचने का प्रयास करता है ।





**उदासीनता वक्र विश्लेषण में उपभोक्ता के संतुलन की शर्ते है -**

1. <u>उदासीनता वक्र कीमत रेखा को स्पर्श करें -</u>

अर्थात मात्रात्मक रूप में X वस्तु की Y वस्तु के लिए सीमांत प्रतिस्थापन दर X और Y वस्तुओं की कीमतों के अनुपात के बराबर होनी चाहिए ।

**MRSxy = Px / Py**




2. <u>स्थायी संतुलन के लिए संतुलन बिंदु पर उदासीनता वक्र मूल बिंदु की ओर उन्नतोदर होनी चाहिए ।</u> अर्थात संतुलन बिंदु पर MRS घटती हुई होनी चाहिये ।

अथवा

प्रश्न: मांग वक्र में शिफ्ट की व्याख्या कीजिये। (*Explain the shift in the demand curve).*


उत्तर: जब वस्तु की कीमत सामान रहें अर्थात वस्तुओं की कीमत में कोई परिवर्तन न होने पर भी अन्य कारणों के कारण जब मांग में परिवर्तन होता है तो ऐसी स्थिति में मांग वक्र का खिसकाव उत्पन्न होता है।

इस प्रकार का परिवर्तन दो प्रकार से होता है।

- **मांग में वृद्धि**
- **मांग में कमी**

## मांग में वृद्धि (Increase in Demand)


जब वस्तु की मांग में उसकी कीमतों के अलावा अन्य तत्वों जैसे आय, फैशन आदि में परिवर्तन होने से परिवर्तन होता है अर्थात वृद्धि होती है तो ऐसी स्थिति में मांग वक्र बाएँ से दाएँ ओर स्थानांतरित होता है। जिसे मांग में वृद्धि कहते हैं।



## मांग में कमी (Decrease in Demand)

जब वस्तु की कीमत के अतिरिक्त किन्हीं अन्य कारणों से उसी कीमत पर वस्तु की कम मात्रा या कम कीमत पर वस्तु की उतनी ही मात्रा खरीदी जाती है तो उसे मांग में कमी कहते हैं।

इस स्थिति में मांग वक्र दाएँ से बाएँ स्थानांतरित होता है तथा मांग वक्र नीचे की ओर स्थानांतरित होता है।



20. परिवर्ती अनुपात नियम की रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिये

*Explain the law of variable proportions with the help of a diagram.*

उत्तर: परिवर्तनशील अनुपात का नियम अर्थशास्त्र में एक महत्वपूर्ण सिद्धांत माना जाता है। इसे उस नियम के रूप में संदर्भित किया जाता है जो बताता है कि जब उत्पादन के एक कारक की मात्रा में वृद्धि की जाती है, जबकि अन्य सभी कारक स्थिर रहते हैं, तो इसका परिणाम उस कारक के सीमांत उत्पाद में गिरावट के रूप में होगा।

परिवर्तनशील अनुपात के नियम को निम्नलिखित प्रकार से समझा जा सकता है।

जब अन्य सभी कारकों को स्थिर रखते हुए परिवर्तनशील कारक को बढ़ाया जाता है, तो कुल उत्पाद शुरू में बढ़ती दर से बढ़ेगा, फिर घटती दर से बढ़ेगा और अंततः उत्पादन की दर में गिरावट आएगी।

परिवर्तनशील अनुपात के नियम के तीन चरण हैं, जिनकी चर्चा नीचे की गई है।

| स्थिर साधन | परिवर्तनशील साधान (L) | कुल उत्पादन (TP) | औसत उत्पादन (AP) | सीमांत उत्पादन (MP) | अवस्थाएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 6 | 6 | 6 | |
| 1 | 2 | 16 | 8 | 10 | |
| 1 | 3 | 30 | 10 | 14 | |
| 1 | 4 | 40 | 10 | 10 | |
| 1 | 5 | 45 | 9 | 5 | |
| 1 | 6 | 45 | 7.5 | 0 | |
| 1 | 7 | 42 | 6 | -3 | |

1. प्रथम चरण या बढ़ते प्रतिफल का चरण: इस चरण में कुल उत्पाद बढ़ती दर से बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उत्पाद में परिवर्तनशील इनपुट जोड़ने पर स्थिर कारकों की दक्षता बढ़ जाती है।
2. दूसरा चरण या घटते प्रतिफल का चरण: इस चरण में, कुल उत्पाद घटती दर से बढ़ता है जब तक कि यह अधिकतम बिंदु तक नहीं पहुंच जाता। सीमांत और औसत उत्पाद सकारात्मक होते हैं लेकिन धीरे-धीरे घटते हैं।
3. तृतीय चरण या ऋणात्मक प्रतिफल का चरण: इस चरण में कुल उत्पाद में गिरावट आती है तथा सीमांत उत्पाद ऋणात्मक हो जाता है।


अथवा

दीर्घकालीन औसत लागत तथा दीर्घकालीन सीमांत लागत को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिये।

*Explain with the help of diagram of long run average cost and long run marginal cost.*


उत्तर: **दीर्घकालीन औसत लागत (Long Term Average Cost – LAC)**

दीर्घकालीन औसत लागत, दीर्घकालीन कुल लागत को उत्पादन की कुल मात्रा से भाग देने पर ज्ञात की जाती है।



## दीर्घकालीन सीमांत लागत (Long Term Marginal Cost – LMC)

दीर्घकाल में उत्पादन की एक अतिरिक्त इकाई उत्पन्न करने में कुल लागत में जो वृद्धि होती है उसे उस अतिरिक्त एक इकाई की सीमांत लागत कहते हैं।



THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**LIKE** AND **SHARE** The Video

**SUBSCRBE** THE CHANNEL

# THE ECONOMICS GURU

**FOLLOW ME ON INSTAGRAM / @theeconomicsguru**

**FOLLOW ME ON FACEBOOK / NAKUL DHALI**

For PDF visit my website: www.theeconomicsguru.com